आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.03.2025/प्रादेशिक समाचार/11.00 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र में आज आठवीं बैठक होगी। सदन की कार्यवाही शुरू हो रही है। सदन में प्रश्नकाल के बाद बजट पर चर्चा जारी रहेगी। इसके अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जायेंगे।

विमल नेगी

राज्य ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत के मामले में प्रदेश सरकार ने निगम के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीणा को आगामी आदेशों तक उनके पद से हटा दिया है, वहीं निदेशक इलैक्ट्रिकल देशराज को निलंबित कर दिया गया है। आईएएस अधिकारी राकेश प्रजापति को प्रबंध निदेशक जबकि सुरेंद्र कुमार को निदेशक के पद का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है। सरकार ने मामले की जाँच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा को जांच अधिकारी नियुक्त कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए शिमला पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इस बीच प्रदेश सरकार के 4 मंत्री बीती रात ऊर्जा निगम कार्यालय के बाहर शव को लेकर धरने पर बैठे परिजनों से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजनों ने धरना खत्म किया।

जयराम ठाकुर

वहीं, भाजपा विधायक दल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अगुवाई में चीफ इंजीनियर विमल नेगी के पार्थिव देह के साथ धरने पर बैठे उनके परिजनों से मिलने पहुंचे। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मामले में विपक्ष ने विधानसभा में सरकार से सीबीआई जांच मांगी है। वे इस मामले को दोबारा विधानसभा में उठाएंगे और राज्यपाल से मिलकर भी केंद्रीय एजेंसी से जांच करवाने को लेकर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

रैली

इधर, विमल नेगी की रहस्यमी मौत मामले में किन्नौर जिला के रिकांगपिओ में कल एचपीपीसीएल और बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने शांतिपूर्ण रैली निकाली और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। एचपीपीसीएल रिकांगपिओ के अधिकारी मुकेश रोमदारी ने बताया कि जिला उपायुक्त किन्नौर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर मुख्य अभियंता की मौत की सीबीआई जांच की मांग की गई है।

खेलो इंडिया

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का शुभारंभ आज से नई दिल्ली में होगा। इसमें 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशोंके 13 सौ से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। यह जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने के लिएखेलो इंडिया पहल का हिस्सा है जो 27 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम और डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित होगा। इसमें खिलाड़ी छह खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। सभी खेल प्रतियोगिताएं प्रसार भारती स्पोर्ट्स यूट्यूब चौनल पर लाइव स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होंगी, जबकि डीडी चौनल इसका सीधा प्रसारण करेगा। पहली बार वर्ष 2023 में इन खेलों का आयोजन किया गया था। इसके अलावा खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में प्रतिस्पर्धा करने वाले 50 से अधिक एथलीट लॉस एंजिल्स 2028 पैरालिम्पिक्स के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम –टीओपीएस कोर समूह का हिस्सा हैं।

उपायुक्त

हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला में बच्चों और गर्भवती महिलाओं का शत–प्रतिशत टीकाकरण और इम्यूनाइजेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रवासी श्रमिकों पर विशेष रूप से फोकस करें। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न टीकाकरण एवं इम्यूनाइजेशन कार्यक्रमों और स्वास्थ्य के अन्य मानकों में जिला हमीरपुर का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा है। लेकिन, यहां प्रवासी श्रमिकों की संख्या काफी ज्यादा होने के कारण कई प्रवासी बच्चों के टीकाकरण से महरूम रहने की आशंका बनी रहती है। इस दिशा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।